# 5 शब्द, पद और शब्द के भेद

## पाठ-योजना

### पाठ का उद्देश्य

- शब्द-रचना तथा शब्द-वर्गीकरण की जानकारी प्राप्त कराना।
- शब्दों के आधार/स्रोत को समझाना।
- शुद्ध शब्द लेखन व उच्चारण के लिए आधार तैयार कराना।

### सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

### पूर्व-ज्ञान

- शब्द की उत्पत्ति या स्रोत से आप क्या समझते हैं?
- क्या हिंदी में अन्य भाषाओं के शब्द प्रयोग में हैं?
- क्या अन्य भाषाओं के शब्दों के शामिल होने से भाषा की समृद्धता बढ़ती है?

### प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन कर वीडियो दिखाना।
- बताना—
  - ध्वनियों के मेल से शब्द-रचना होती है, जिसका कोई निश्चित अर्थ होता है।
  - शब्द भाषा की स्वतंत्र इकाई है।
  - हिंदी भाषा में शब्दों को अलग-अलग आधारों पर, अलग-अलग वर्गों में बाँटा गया है।
  - स्रोत या उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद हैं—

    (क) तत्सम (ख) तद्भव (ग) देशज या देशी (घ) विदेशी या आगत
  - रचना के आधार पर शब्दों के दो मुख्य भेद हैं—

    (क) मूल (ख) यौगिक
  - प्रयोग के आधार पर शब्द के दो मुख्य भेद हैं—

    (क) सामान्य शब्द (ख) पारिभाषिक या तकनीकी शब्द
  - शब्द-विकार के आधार पर शब्द के दो भेद हैं— विकारी व अविकारी शब्द।
  - अर्थ के आधार पर शब्द के अनेक भेद हैं—

    (क) एकार्थी प्रतीत होने वाले शब्द (ख) अनेकार्थी (ग) पर्यायवाची

    (घ) विलोम (ङ) श्रुतिसमभिन्नार्थक (च) वाक्यांशों के लिए एक शब्द
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।